भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3173
22 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

ब्रेकवाटर मात्स्यिकी पत्तन

3173. श्री एम. सेल्वराजः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु में मिनी ब्रेकवाटर मात्स्यिकी पत्तन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पत्तन की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क)और(ख): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अन्तर्गत अन्य बातों के साथ-साथ, मत्स्यन बंदरगाहों और मछली उतराई केन्द्रों के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पीएमएमएसवाई के अंतर्गत, मत्स्यन बंदरगाहों और मछली उतराई केंद्रों के विकास के लिए राज्य सरकारों को परियोजना लागत का 60% तक और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100% तक केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, भारत सरकार विशेष रूप से केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले मत्स्यन बंदरगाहों के आधुनिकीकरण के लिए पूरी लागत वहन करती है। इसके अतिरिक्त, मात्स्यिकी क्षेत्र की बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 2018-19 के दौरान 7522.48 करोड़ रुपए की कुल धनराशि के साथ मात्स्यिकी और जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि (एफआईडीएफ) का गठन किया। एफआईडीएफ के अंतर्गत, मत्स्यन बंदरगाहों और मछली उतराई केंद्रों सहित मात्स्यिकी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निजी क्षेत्र सहित राज्य सरकारों और उनकी संस्थाओं को रियायती वित्त प्रदान किया जाता है। पीएमएमएसवाई पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की "सागरमाला" योजना के साथ उपयुक्त जुड़ाव और अभिसरण प्रदान करता है। मिनी ब्रेकवाटर मत्स्यन बंदरगाहों की स्थापना के लिए तमिलनाडु सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

***